Functioning of CISF at Airports

*205. SHRI S.M. LALJAN BASHA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Central Industrial Security Force (CISF) in the South Zone dealing with airport security has set up an Information Feedback Scheme to help air passengers;

(b) if so, the details of this scheme;

(c) whether it is also a fact that CISF personnel do not operate all the X-ray and other screening equipment leading to delays at airports;

(d) what steps the CISF propose to initiate to make our airports and air travel efficient and time-conserving; and

(e) the details of steps proposed by CISF to improve their functioning at airports?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SHRIPRAKASH JAISWAL): (a) Yes, Sir.

(b) Passenger Feedback is obtained in written format or on e-mail.

(c) No, Sir.

(d) and (e) In order to make security checks at airports fast and efficient, besides training of officers and staff, CISF use modern security gadgets which are upgraded according to developments in the technology.

श्री एस॰ एम॰ लालजन बाशा: चेयरमैन सर, आज हमारे दोनों मंत्री श्री शिवराज पाटिल साहब और जायसवाल साहब यहां पर बैठे हैं। सर, मेरा एक सुझाव है। मैं देख रहा हूं कि हिन्दुस्तान के एयरपोर्ट्स पर जो हमारी सेंट्रल इंडस्ट्रियल सेक्योर्टी फोर्स तैनात है, उसका जो बिहेव है, वह ठीक नहीं है। वे लोगों के साथ कैसा बिहेव करते हैं, बाहर से जो टूरिस्ट आते हैं उनसे कैसे बिहेव करते हैं, आपकी नजर में बहुत सारी कम्पलेंट्स हैं...।

श्री सभापति: आप क्वेश्चन करिये। नजर में तो सबके है।

श्री एस॰ एम॰ लालजन बाशा: आपके आन्सर में उनको स्पेशल ट्रेनिंग के बारे में बताया गया है कि बिहेव कैसे करना है। सर, वहां एक्सरे मशीन के पास देरी होने की वजह से लम्बी लाइनें लग

जाती हैं। वहां पर सिर्फ एक एक्सरे मशीन को चलाते हैं और दस-बीस जवान वहां पर होते हैं, लेकिन इतनी लम्बी-लम्बी लाइनें हमारें देश में ऐसी ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: मंत्री जी, आप उनको किस प्रकार का बिहेव किया जाये, इस प्रकार का प्रशिक्षण देंगे क्या?

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल: सभापति महोदय, जब बहुत सारी घटनाएं एयरपोर्ट्स पर होने लगीं, हाईजैकिंग की घटनाएं होने लगीं, तब यह तय किया गया कि सीआईएसएफ जो कि एक ट्रेंड फोर्स होती है, उसको लगाकर इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है और जब से सीआईएसएफ लगाई गई है तब से आज तक कोई भी हाईजैकिंग की घटना नहीं हुई है और नाही कोई मेजर घटनाएं हुई हैं। यह हो सकता है कि कहीं-कहीं, किन्हीं यात्रियों को, किसी कारण से, क्योंकि सुरक्षा बहुत मुस्तैदी के साथ की जाती है, इसीलिए स्वाभाविक है कि कहीं-कहीं किसी यात्री को किसी तरह की दिक्कत आई हो। लेकिन कुल मिलाकर जब से सीआईएसएफ हवाई अड्डों की सुरक्षा के लिए लगाई गई है तब से उसकी परफारमेंस बहुत संतोषजनक है। चाहे वह हवाई अड्डे की सुरक्षा की बात हो, चाहे वह हवाई जहाज की सुरक्षा की बात हो और चाहे किसी अन्य घटना की बात हो।

श्री एस॰ एम॰ लालजन बाशा: सर, सुरक्षा के बारे में कोई दो राय नहीं है। जब आप सरप्राइज विजिट करेंगे तो आपको पता चलेगा कि वे लोगों के साथ कैसा बिहेव करते हैं। अभी रीसेंटली पेपर्स में कई हादसों के बारे में छपा है। मेरी स्पेशली रिक्वेस्ट यह है..।

श्री सभापति: आप रिक्वेस्ट मत करिये। उन्होंने इसके बारे में बता दिया है।

श्री एस॰ एम॰ लालजन बाशा: सर, एक एक्सरे मशीन रख कर, इतनी लम्बी-लम्बी लाइनें लगवा देते हैं, इससे यात्री ह्रास होते हैं। आपकी नजर में यह भी होना जरूरी है।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल: सभापति महोदय, कड़ी सुरक्षा के कारण कुछ दुर्व्यवहार की शिकायतें हो सकती हैं और हम इसकी जांच करायेंगे और जहां तक सम्भव होगा, उसे दूर करने की कोशिश करेंगे।

श्री सभापति: डा॰ के॰ मलयसामी। ...(व्यवधान)...

श्री एस॰ एम॰ लालजन बाशा: सर, मेरा दूसरा सप्लीमेंट्री क्वेश्चन है। ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: नहीं। डा॰ के॰ मलयसामी। ...(व्यवधान)... नहीं, नहीं। यह रिकार्ड नहीं होगा।. ..(व्यवधान)... आपने दोनों क्वेश्चन कर लिये हैं।

श्री एस॰ एम॰ लालजन बाशा: *

---

*Not recorded.

श्री सभापति: आपने दो सप्लीमेंट्री कर लिये हैं। आप बैठ जाइये।

DR. K. MALAISAMY: From my experience, I see a change in the behaviour of the security officials now as compared to how it was earlier. Certainly, there is an improvement. Still, in the matter of frisking and screening, there are a lot of complaints not only from passengers but also from Members of Parliament. They should be given enough training and education in such a way that there will be some more improvement in their behaviour. That is No. 1. Sir, in the name of screening, they remove even a small thing like blade, which a passenger keeps along with the shaving kit, from his hand baggage. Blade may be an incriminating item as per the list. But do you still feel that a shaving blade is going to kill somebody? You should revise your instruction in that process of security.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल: सर, माननीय सदस्य को मैं पहले तो आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने सीआईएसएफ की तारीफ की है और उनकी ड्यूटी की तारीफ की है। मैं माननीय सदस्य की इस भावना से सहमत हो सकता हूं कि बहुत छोटी-छोटी चीजों से, धारदार चीजों से कोई बड़ी घटना नहीं हो सकती है, लेकिन चूंकि वहां सुरक्षा व्यवस्था बहुत कड़ाई के साथ करते हैं इसलिए कुछ न कुछ, किसी न किसी बिन्दु पर, कोई न कोई दिक्कत का सामना तो यात्रियों को करना ही पड़ता है। फिर भी मैं आपके सुझावों को ध्यान में रखूंगा और यह प्रयास करूंगा कि आइंदा ऐसा न हो।

SHRI M.P. ABDUSSAMAD SAMADANI: Sir, there is no difference of opinion that there should be no compromise with regard to the security aspect in the airport. I agree that the rules must be strict; let there be more screening machines, more tests. There is no difference of opinion on that. But there are instances of rude behaviour, a very harsh treatment, especially with ordinary people, illiterate passengers. Sometimes they treat the Representatives of the People also badly.

MR. CHAIRMAN: Don't make a speech. Please put your supplementary.

SHRI M.P. ABDUSSAMAD SAMADANI: My supplementary is this. Will the Government try to humanise the entire system without compromising the security norms?

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल: महोदय, जहां तक वीआईपीज के साथ दुर्व्यवहार की बात है, अगर वीआईपीज की सूचना पहले से हो तो ऐसा नहीं है कि वीआईपीज के साथ वे दुर्व्यवहार करें। जहां तक सीआईएसएफ की ट्रेनिंग की बात है, उनका व्यवहार अच्छा रहे, वे यात्रियों के साथ अच्छा

व्यवहार करें, इसके लिए पर्याप्त ट्रेनिंग दी जाती है। हम जो सीआईएसएफ से सलेक्शन करते हैं, उसके लिए जो हमारी सीआईएसएफ की क्रीम होती है, उसी का सलेक्शन एयरपोर्ट पर डयूटी लगाने के लिए करते हैं। उनको बाद में पूरी ट्रेनिंग दी जाती है, हर तरह की ट्रेनिंग दी जाती है कि उनका कोई भी बिहेवियर ऐसा न हो, जिससे किसी यात्री को कोई असुविधा हो। हम आइंदा भी कोशिश करेंगे कि उनकी ट्रेनिंग और ज्यादा पर्याप्त हो।

श्री सभापति: माननीय मंत्री महोदय, इसको कृपया आप देखें। सब माननीय सदस्यों की इस प्रकार की शिकायत है कि व्यवहार में सुधार करने की आवश्यकता है।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल: सर, जो आदेश आपने किया है, वह पूरा होगा।

*206. [*The questioner* SHRI KIRPAL PARMAR *was absent. For answer vide page 29.*]

Law and order situation in Manipur

*207. SHRIMATI HEMA MALINI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government have institutionalised any concrete measures to ensure that the kind of violent events disturbing peace, law and order situation in the State of Manipur recently, do not occur again; and

(b) if so, the details there of?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI S. REGUPATHY): (a) and (b) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b) Government is committed to maintain peace and normalcy in Manipur. A unified Headquarters has been established in the State coordinated operations against militants by the Security Forces. Following public demands, Government have appointed a Committee to review the provisions of the Armed Forces (Special Powers) Act. Dialogue has also been initiated with the leaders of 'Apunba Lup' from Manipur.

SHRIMATI HEMA MALINI: Hon. Chairman, Sir, this is a very inane and superficial answer. I am not satisfied with it. Sir, the Minister has admitted